डॉ. मंजू बाघमार
राज्यमंत्री
सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल
विकास विभाग, बाल अधिकारिता विभाग
राजस्थान सरकार, जयपुर

सत्यमेव जयते

फोन नं. : 0141-2227563
कार्यालय : 6203, मंत्रालय भवन,
शासन सचिवालय,
जयपुर-302005
E-mail : prof.manjubaghmar@rajasthan.gov.in

क्रमांकः-रा.मंत्री/सानिवि/मबावि / 2025 / R-579

दिनांकः 01.09.2025

मुझे यह अनुशंसा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि डॉटर्स ऑफ भारत की संस्थापिका सुश्री ध्रुविका सिंह और उनकी टीम की सुश्री सिया गुप्ता व श्री हर्षवर्धन सिंह शेखावत ने वंचित बालिकाओं एवं महिलाओं हेतु सबसे बड़ा महिला कानूनी अधिकार जागरूकता अभियान का सफलतापूर्वक संचालन किया है।

मुझे अवगत कराया गया है कि डॉटर्स ऑफ भारत की टीम द्वारा तीन दिवसीय इस ऐतिहासिक अभियान के माध्यम से 18, 19 और 20 अगस्त 2025 को सीकर, चूरू और जयपुर जिलों के विभिन्न निजी एवं सरकारी विद्यालयों व संस्थानों में अलग-अलग समय पर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में करीब 6,000 से अधिक बालिकाओं एवं महिलाओं शामिल हुई।

इस अभियान के तहत आयोजित सत्रों में कानूनी साक्षरता, लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही वंचित समुदायों की युवतियों को उनके मौलिक अधिकारों एवं अवसरों के प्रति जागरूक किया गया।

इस अभियान ने महिलाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास और दृढ़ता को बढ़ावा दिया है। मैं डॉटर्स ऑफ भारत को सम्मान एवं सहयोग के लिए दृढ़ता से अनुशंसा करती हूं क्योंकि उनका कार्य महिला विकास और सशक्तिकरण के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

मैं उनके इस महत्त्वपूर्ण प्रयास का पूर्ण समर्थन करती हूं और भविष्य की सफलता के लिए शुभकामनाएं देती हूं।

(डॉ. मंजू बाघमार)

निवास : I/55, गाँधी नगर, जयपुर-302015 (राजस्थान) E-mail : prof.manjubaghmar@gmail.com